# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 31.8.26 | 14 | 3 |

## एचएयू में कल से लागू होगी नई समय सारिणी

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एक अगस्त से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके तहत अगस्त से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9 बजे से सायं 4:30 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान दोपहर एक बजे से 1:40 तक भोजनावकाश रहेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कॉलेज, कौल (कैथल) व कृषि कॉलेज, बावल (रेवाड़ी) में भी 1 अगस्त से उपरोक्त समय सारिणी लागू होगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत एक मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः सात बजे से दोपहर दो बजे तक था, जो एक अगस्त से बदलकर प्रातः 9 बजे से सायं 4:30 बजे तक हो जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 31·7·26 | 5 | 8 |

## एचएयू में एक अगस्त से बदला कार्यालय समय

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एक अगस्त से नई समय सारिणी लागू की जाएगी। इसके तहत विश्वविद्यालय के कार्यालय सुबह 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक खुले रहेंगे। कार्यालय समय के दौरान दोपहर 1 से 1:40 बजे तक भोजनावकाश रहेगा।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि यही व्यवस्था प्रदेशभर में स्थित विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों तथा कृषि कॉलेज, कौल (कैथल) और कृषि कॉलेज, बावल (रेवाड़ी) में भी लागू होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार वर्तमान में ग्रीष्मकालीन समय सारिणी चल रही थी, जो एक मई से प्रभावी थी। उस व्यवस्था के तहत कार्यालय सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होते थे। अब एक अगस्त से यह समय बदलकर सुबह 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक कर दिया जाएगा, ताकि शैक्षणिक व प्रशासनिक कामकाज सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 31.7.26 | 1 | 1 |

## एचएयू में बदलेगा कार्यालयों का समय

हिसार। एचएयू में 1 अगस्त से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके तहत विश्वविद्यालय के कार्यालय सुबह 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक खुलेंगे। दोपहर 1 बजे से 1:40 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। कुलसचिव पवन कुमार ने बताया कि यही समय प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों और कृषि कॉलेज कौल (कैथल) व बावल (रेवाड़ी) में भी लागू होगा। इससे पहले 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी के तहत कार्यालय सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हो रहे थे। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 30.07.2026 | ----- | ---- |


# हकृवि में एक अगस्त से लागू होगी नई समय सारिणी

नभ-छोर न्यूज ⏭ 30 जुलाई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एक अगस्त से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत एक अगस्त से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9 बजे से सायं 4:30 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान दोपहर एक बजे बजे से 1.40 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कॉलेज, कौल (कैथल) व कृषि कॉलेज, बावल (रेवाड़ी) में भी 1 अगस्त से उपरोक्त समय सारिणी लागू होगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत एक मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक था, जो एक अगस्त से बदलकर प्रातः 9 बजे से सायं 4:30 बजे तक हो जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 31.07.2026 | ----- | ---- |


# हकृवि में 1 अगस्त से लागू होगी नई समय सारिणी

**हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )**। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 1 अगस्त से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 1 अगस्त से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रात: 9 से सायं 4:30 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान दोपहर 1 से 1:40 तक भोजनावकाश रहेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कॉलेज, कौल (कैथल) व कृषि कॉलेज, बावल (रेवाड़ी) में भी 1 अगस्त से उपरोक्त समय सारिणी लागू होगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक था, जो 1 अगस्त से बदलकर प्रात: 9 बजे से सायं 4:30 बजे तक हो जाएगा।